आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 03.12.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 271 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- टिहरी ज़िले के सुरसिंहधार स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज को पीजी कॉलेज का दर्जा मिला।
- चमोली जिले में छात्र–छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपित राजकीय इंटर कॉलेज के अतिथि शिक्षक की सेवाएं समाप्त हुई।
- देहरादून के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

वित्तीय स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 271 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इन योजनाओं में सड़क निर्माण और सुधार, पुल निर्माण, पार्किंग निर्माण, बाढ़ सुरक्षा, जल निकासी व्यवस्था, सीवरेज सिस्टम, आंगनबाड़ी सेवाएँ और अन्य विकास कार्य शामिल हैं।
मुख्यमंत्री ने नैनीताल, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चम्पावत और चमोली जिलों में सड़क व पुल निर्माण, पार्किंग तथा सामुदायिक भवन जैसे कार्यों को मंजूरी दी है। जोशीमठ शहर के लिए जल निकासी और सीवरेज सिस्टम से जुड़ी योजनाओं के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है। नाबार्ड वित्त पोषण से लघु सिंचाई विभाग के 33 कार्यों तथा आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करने के लिए भी राशि मंजूर की गई है।
इसके साथ ही राज्य सरकार और स्वायत्तशासी निकायों के कर्मचारियों तथा पेंशनरों के लिए महंगाई भत्ते में वृद्धि भी स्वीकृत की गई है, जिससे विभिन्न वेतनमानों में कर्मचारियों और पेंशनरों को संशोधित दरों पर लाभ मिलेगा।

नर्सिंग कॉलेज टू पीजी कॉलेज

टिहरी ज़िले के सुरसिंहधार स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज को अब पीजी कॉलेज का दर्जा मिल गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के बाद शासन ने इस संबंध में आवश्यक वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृतियाँ जारी कर दी हैं।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में देहरादून में हुई समीक्षा बैठक में बताया गया कि नर्सिंग शिक्षा को मजबूत बनाने और पहाड़ी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कॉलेज को पीजी स्तर पर विकसित किया जा रहा है। सचिव ने अधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित निरीक्षण समिति ने 14 नवंबर को कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया था। रिपोर्ट में भवन, कक्षाएँ, प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय और एमएससी नर्सिंग के लिए आवश्यक अतिरिक्त कक्षाएँ पर्याप्त पाई गईं। समिति ने बौराड़ी जिला चिकित्सालय और नरेंद्रनगर सीएचसी को क्लीनिकल पोस्टिंग के लिए उपयुक्त बताया। उपलब्ध अवसंरचना को मानकों के अनुरूप पाते हुए कॉलेज को पीजी की मान्यता प्रदान कर दी गई है।

निरीक्षण समिति ने एमएससी नर्सिंग कार्यक्रम शुरू करने के लिए 15 सीटों की संस्तुति भी दी है। सचिव ने कहा कि इससे टिहरी क्षेत्र में उच्च स्तरीय नर्सिंग शिक्षा और विशेषज्ञ स्वास्थ्य मानव संसाधन तैयार करने में मदद मिलेगी।

## विंटर लाइन कार्निवाल

मसूरी में 24 से 29 दिसंबर तक होने वाले विंटर लाइन कार्निवाल की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी महोत्सव समिति और जिला प्रशासन के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि राज्य की रजत जयंती पर इस वर्ष कार्निवाल का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार कार्निवाल 24 दिसंबर से शुरू होगा, जो राज्य आंदोलन के नायक इंद्रमणि बडोनी की 100वीं जयंती को समर्पित रहेगा। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विशेष कार्यक्रम होंगे। कार्निवाल के अन्य दिनों को शहीदों, पद्मश्री विजेताओं, रस्किन बॉण्ड और अन्य महान व्यक्तित्वों के नाम समर्पित किया जाएगा।

कार्निवाल इस बार मसूरी के विभिन्न स्थानों—गांधी चौक, शहीद स्थल, पिक्चर पैलेस, लंढौर चौक और टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा।

श्री जोशी ने शहर को आकर्षक रूप देने, चौकों और बाजारों में सजावट, लाइटिंग और वॉल पेंटिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ रखने, स्टार गेज़िंग, ट्रैकिंग, विंटर लाइन व्यूइंग, रॉक क्लाइम्बिंग, आईटीबीपी बैंड और फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रम शामिल करने को कहा। प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगाकर व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए।

## सैनिकों के प्रति सम्मान

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने अपने चम्पावत दौरे के दौरान भूतपूर्व सैनिकों से मुलाकात कर सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। उन्होंने वीर सैनिकों के योगदान को नमन करते हुए फ्लैग लगाया।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल उमेद सिंह ने मुख्य सचिव को फ्लैग लगाते हुए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि की उपयोगिता और इसके महत्व की जानकारी दी। यह दिवस शहीदों, ड्यूटी के दौरान घायल हुए सैनिकों तथा उनके परिवारों के कल्याण और पुनर्वास के लिए सहयोग जुटाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मुख्य सचिव ने कहा कि सैनिकों का त्याग देश के लिए प्रेरणा है और प्रत्येक नागरिक को उनके परिवारों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने इसे देशभक्ति और सामाजिक दायित्व निभाने का अवसर बताया।

यौन शोषण आरोप/अतिथि शिक्षक सेवा समाप्त

चमोली जिले में छात्र–छात्राओं से छेड़छाड़ और यौन शोषण के आरोप में राजकीय इंटर कॉलेज गौंणा के अतिथि शिक्षक युनुस अंसारी की सेवाएं तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। प्रधानाचार्य ने उनका अनुबंध रद्द कर दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी दशोली की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और छेड़छाड़ या अनुशासनहीनता जैसे मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्कूलों में निगरानी और सुरक्षा प्रोटोकॉल और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि राजनीति विज्ञान के अतिथि प्रवक्ता युनुस अंसारी पर छात्र–छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाए थे। अभिभावकों की शिकायत के बाद मुख्य शिक्षा अधिकारी चमोली श्रीकांत पुरोहित ने प्रधानाचार्य को अनुबंध समाप्त करने के निर्देश दिए थे। साथ ही इस मामले में बरती गई लापरवाही को लेकर प्रधानाचार्य से दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। पुलिस पॉक्सो अधिनियम के तहत मामले की जांच कर रही है।

समीक्षा

देहरादून के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित की जाए और जिन परियोजनाओं में 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है, उन्हें प्राथमिकता से समाप्त किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन गांवों में विवाद के कारण योजनाएँ रुकी हैं, वहाँ अधिकारी ग्रामीणों से सीधे बात कर समाधान निकालें और कार्य शीघ्र पूरा करें।

उन्होंने हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य को भी तेज करने को कहा। नल–जल मित्रों की नियुक्ति और प्रशिक्षण पूरा करने, जल परीक्षण किट के उपयोग से नियमित पानी की जांच सुनिश्चित करने तथा उन्हें समुदाय से प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। ऐसे विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत भवनों की सूची तुरंत उपलब्ध कराने को भी कहा गया, जहाँ अब तक जल संयोजन नहीं हुआ है।

बैठक में बताया गया कि जिले की 760 योजनाओं में से 734 पूरी हो चुकी हैं और 26 पर कार्य जारी है। हर घर जल सर्टिफिकेशन के तहत 578 गांवों में प्रक्रिया पूरी हो गई है, जबकि 50 गांवों में कार्य शेष है।

निरीक्षण

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने चम्पावत में पर्यटन समृद्धि और विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कई स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बस टर्मिनल, मायावती आश्रम, कोलीढेक झील और एबट माउण्ट का स्थलीय अवलोकन कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सबसे पहले प्रस्तावित बस टर्मिनल का निरीक्षण किया और टर्मिनल के भीतर वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित रखने तथा यात्रियों की सुविधाओं को प्रमुखता देने को कहा।

मायावती आश्रम में उन्होंने आश्रम परिसर का भ्रमण किया और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

कोलीढेक झील का निरीक्षण करते हुए मुख्य सचिव ने इसे स्पिरिचुअल ज़ोन और योग तथा वेलनेस हब के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाशीर मछली संरक्षण के लिए भी मत्स्य विभाग को कार्रवाई करने को कहा।

एबट माउण्ट के निरीक्षण में मुख्य सचिव ने इसे पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत संभावनाशील क्षेत्र बताया और वहाँ से दिखने वाली हिमालय श्रृंखलाओं तथा ऐतिहासिक चर्च का अवलोकन किया।

ड्रग्स के खिलाफ अभियान

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर जनपद में शिक्षण संस्थानों में ड्रग्स के खिलाफ अभियान जारी है। इसी क्रम में एक निजी विश्वविद्यालय में 150 छात्र–छात्राओं की रैंडम टेस्टिंग की गई। इससे पहले दो बड़े शिक्षण संस्थानों में भी सैंपलिंग की जा चुकी है।

जिलाधिकारी ने कहा कि ड्रग टेस्टिंग से छात्रों और अभिभावकों को घबराने की जरूरत नहीं है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और किशोरों को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी संस्थान में कोई छात्र पॉजिटिव पाया जाता है, तो संबंधित डीन और संस्थान के संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी शिक्षण संस्थानों में एंटी ड्रग्स कमेटी को सक्रिय करने, विद्यार्थियों को जागरूक करने और नशीले पदार्थों से जुड़ी जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल और कॉलेजों में मानस हेल्पलाइन नंबर 1933, एनसीवी मानस पोर्टल एवं जिला डी–एडिक्शन सेंटर हेल्पलाइन नंबर 9625777399 के पोस्टर लगाने को भी कहा गया है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

संसद के शीतकालीन सत्र में` ८ ट पर चर्चा कराने की मांग को लेकर सरकार और विपा़ के बीच जारी गतिरोध समाप्त होने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता के साथ प्रकाशित किया है– इस खबर पर अमर उजाला लिखता है– एस आई आर मुद्दे पर गतिरोध खत्म, नौ को लोकसभा में होगी चर्चा। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र ने शीर्षक दिया है– संसद में गतिरोध टूटने के आसार।

उत्तराखंड में वन्य जीवों के बढ़ते हमलों को लेकर वन विभाग की बैठक की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता के साथ प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने इस खबर पर शीर्षक दिया है– भालुओं के व्यवहार का होगा अध्ययन। हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– भालू के हमले में गंभीर घायलों के इलाज को मिलेंगे दस लाख। अमर उजाला लिखाता है– वन विभाग की बैठक में बनी सहमति, शासन को भेजेंगे प्रस्ताव।